जीवन में मेरे हुई कृपा राम की

जीवन में मेरे हुई कृपा राम की,
चढ़ा रंग भक्ति का मैं भी हुई राम की,
पायो रे पायो रे पायो भक्ति का रस पायो पायो,
पायो रे भक्ति का रस पायो पायो पायो,
राम गुन गायो मैंने भक्ति का रस पायो,
भक्ति का रस पायो।।

क्या मैं बताऊ क्या मैं सुनाऊ राम बसे मन में,
भजने लगी राम सिया को ख़ुशी आयी जीवन में,
ख़ुशी आयी जीवन में,
मर्यादा का रूप है रामजी,
सूरज चंद्र स्वरुप है रामजी।।
पायो रे पायो रे पायो भक्ति का रस पायो पायो
पायो रे भक्ति का रस पायो पायो पायो
राम गुन गायो मैंने भक्ति का रस पायो
भक्ति का रस पायो।।

गम थे जो घेरे घनेरे अंधेरे मिट गए वो सभी,
सच्चे मन से जो मांगे मुरादे, पुरे होती सभी,
पुरे होती सभी,
पतितो का उत्थान है रामजी
धनुर धरी भगवन है रामजी।।
पायो रे पायो रे पायो भक्ति का रस पायो पायो
पायो रे भक्ति का रस पायो पायो पायो
राम गुन गायो मैंने भक्ति का रस पायो
भक्ति का रस पायो।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23531/title/jivan-me-mere-hui-kripa-ram-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |